# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया पूरी। प्रदेश की आठ संसदीय सीटों के लिये एक सौ पचपन प्रत्याशियों ने भरे पर्चे।
- दूसरे चरण के चुनाव के लिये आज जारी होगी अधिसूचना। प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर चार अप्रैल तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया।
- प्रदेश में चार और लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने घोषित किये प्रत्याशी। सीतापुर से पूर्व मंत्री नकुल दुबे और महराजगंज से विधायक विरेन्द्र चौधरी को बनाया उम्मीदवार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिये शुरू किया लोकसभा चुनाव का प्रचार।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया कल पूरी हो गयी। अन्तिम दिन प्रदेश की आठ संसदीय सीटों– सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना सुरक्षित, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के लिये एक सौ नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि बीस मार्च से जारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान इन आठ सीटों से कुल एक सौ पचपन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। मुजफ्फरनगर से सबसे ज्यादा अड़तीस और नगीना सुरक्षित सीट से सबसे कम बारह प्रत्याशियों ने पर्चे भरे हैं। कल नामांकन के आखिरी दिन मुरादाबाद सीट पर रुचिवीरा ने समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के तौर पर अपना नामाकंन दाखिल किया। इससे पहले कल सपा की ओर से डॉ. एसटी हसन ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। उधर, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने एसटी हसन के नामांकन रद्द होने की पुष्टि की है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार सिंह और बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी पहले नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से घनश्याम लोधी और बसपा की ओर से जीशान खां ने कल नामांकन दाखिल किया। वहीं सपा की ओर से मोहिबुल्लाह नदवी ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस सीट पर आजम के करीबी आसिम राजा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम ने निर्दलीय पर्चा भरा है।

**********

सहारनपुर से भाजपा के प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा ने कल भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर बसपा के माजिद अली और कांग्रेस–सपा गठबंधन के इमरान मसूद मैदान में हैं। वहीं पीलीभीत लोक सभा सीट के लिए कल भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद सहित कुल बारह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट......

***पीलीभीत में कुल 12 नामांकन दाखिल हुए जिसके बाद पर्चा दाखिल करने वालों की संख्या 16 हो गई है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने दलबल के साथ यहां पहुंचकर अपना नामांकन कराया। उनके समर्थन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जन सभा करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौजूदा सांसद वरुण गांधी ने फिलहाल नामांकन दाखिल नहीं किया। इससे उनके द्वारा भाजपा से बगावत करके निर्दलीय चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है। सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार और बसपा प्रत्याशी अनीश अहमद खान उर्फ फूल बाबू नामांकन करवा चुके हैं। पर्चों की जांच और नाम वापसी के बाद 30 मार्च को चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो पाएगी।***

पहले चरण की लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। प्रत्याशी तीस मार्च तक अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। इसमें एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। इन आठ सीटों में सात सीटें सामान्य और बुलंदशहर की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर उम्मीदवार चार अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा।

**********

निर्वाचन आयोग ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस वर्ष मार्च से जून माह के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने के मौसम विभाग के अनुमान के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान दलों और मतदाताओं को आवश्यकता पड़ने पर ओआरएस मुहैया कराया जाए ताकि ये लोग गर्मी के मौसम में लू से खुद को बचा सकें।

**********

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रदेश में चार और प्रत्याशियों के नाम तय कर दिये हैं। कल दिल्ली में पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये। कांग्रेस ने सीतापुर से पूर्व मंत्री नकुल दुबे, महाराजगंज से विधायक विरेन्द्र चौधरी, गाजियाबाद से डॉली शर्मा और बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने इससे पहले तेईस मार्च को प्रदेश की नौ संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे। गठबंधन में कांग्रेस के हिस्से आयी प्रदेश की सत्तरह संसदीय सीटों में से अब तक तेरह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये गये हैं। दूसरी लिस्ट में सीतापुर से प्रत्याशी बनाये गये पूर्व मंत्री नकुल दुबे पिछले लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर दूसरे स्थान पर थे। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी विरेन्द्र चौधरी इसी जिले के फरेन्दा विधानसभा के विधायक हैं। जबकि गाजियाबाद से प्रत्याशी बनाई गयी डॉली शर्मा इसी लोकसभा क्षेत्र से पिछले चुनाव में तीसरे स्थान पर रहीं थीं।

**********

पत्र सूचना ब्यूरो–पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– pib.gov.in/elect2024/index.aspx शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।

**********

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वाराणसी मे सामाजिक संस्था द्वारा छः दिवसीय मतदाता जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया है। कल वाराणसी के डॉ अम्बेडकर पार्क से यात्रा को रवाना किया गया। यह यात्रा वाराणसी से चलकर भदोही, प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, इटावा, औरैया, कानपुर, उन्नाव होते हुए एक अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल से पश्चिमी यूपी में पर्टी के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने कल तीन जिलों– मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद में प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलनों को संबोधित किया। श्री योगी ने मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने से पहले श्रीकृष्ण जन्मस्थान में ठाकुरजी की पूजा अर्चना की। प्रबुद्ध सम्मेलनों में श्री योगी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। वह आज मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलनों के सम्बोधित करेंगे।

**********

महोबा के खन्ना थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे पर कल देर रात दो ट्रकों के भीषण टक्कर से आग लग गयी। हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जलकर मौत हो गयी। दुर्घटना की जानकारी होते ही प्रशासन, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद शवों को बाहर निकाला।

**********

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण आज से मौसम में फिर बदलाव होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं के चलने का अनुमान लगाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आज सुबह से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं। यहां रूक–रूक कर बूंदाबांदी भी हो रही है।

**********